RNI No.-UPHIN2016/70155

KD NEWS आज कल तक

# के.डी.न्यूज

साप्ताहिक
हिन्दी समाचार पत्र

वर्ष–04 अंक–24 सुलतानपुर, 28 अक्टूबर 2019 पृष्ठ : 08 मूल्य : 3.00 रुपये

## 6 दिसम्बर से बनेगा अयोध्या में राम मंदिर : साक्षी महाराज

उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी के सांसद और फायर ब्रांड हिंदू नेता साक्षी महाराज ने आगामी 6 दिसम्बर से अयोध्या में राम मंदिर निर्माण शुरू हो जाने का दावा किया है। साक्षी महाराज ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि उच्चतम न्यायालय में जमीन पर मालिकाना हक की सुनवाई पूरी हो चुकी है और पूरी उम्मीद है कि अदालत 17 नवम्बर से पहले मंदिर निर्माण के पक्ष में फैसला देगी।

गौरतलब है कि 6 दिसम्बर 1992 को अयोध्या में विवादित ढांचा गिराया गया था। साक्षी महाराज ने कहा कि पुरातत्व विभाग की खुदाई में विवादित स्थल पर मंदिर होने के पूरे सबूत मिले हैं। उन्होंने कहा कि शिया वक्फ बोर्ड जो जमीन पर मालिकाना हक होने का दावा कर रहा है, उसने मंदिर के लिये जमीन देने की मंजूरी दे दी है। इसके अलावा कई मुस्लिम संगठन भी अयोध्या में मंदिर निर्माण होने पर अपनी मंजूरी दे चुके हैं।

# लागू हुआ इमरजेंसी सेवा का नया नंबर–112, योगी ने किया शुभारंभ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को आपात सेवा 112 का शुभारंभ किया। इस दौरान आपराधिक वारदातों के मामले में देश में अव्वल रहने के आंकड़ों को दरकिनार करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि अनुशासन की बदौलत पुलिस आम लोगों का विश्वास जीतने में सफल हुई है। उन्होंने कहा कि एकीकृत आपात सेवा 112 लोगों में सुरक्षा की भावना और मजबूत करने में सहायक होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के सबसे बड़े राज्य के पुलिस बल की नई शुरुआत प्रसन्नता का विषय है। बगैर भेदभाव से सभी को सुरक्षा उपलब्ध कराना सरकार का लक्ष्य है। हालांकि जनता की अपेक्षा पर खरा उतरने की अभी भी काफी गुंजाइश है। डायल 112 इस दिशा में महती भूमिका अदा करेगी। डायल 112 को प्रमोट करना होगा। कुछ समय तक डायल 100 साथ चलेगा जबकि बाद में 112 ही लगातार चलेगा। डायल 112 सेवा 108, 102 मेडिकल सेवा, 1090 और सीएम



हेल्पलाइन समेत सभी सेवाओं के एक साथ जुड़ने का बेहतर उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब अलग–अलग काम के लिए अलग नंबर की जरूरत नहीं पड़ेगी। नई तकनीक से कॉलर तक यह सेवा तुरंत पहुंचेगी। रिस्पांस टाइम के साथ रूट चार्ट पर भी नजर रखी जाएगी। वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के लिए यूपी पुलिस ने बेहतर पहल की है। जिनका कोई सहारा नहीं उनमें यह सेवा नया विश्वास पैदा करने में सहायक होगी। कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा के साथ ही यह सेवा घरेलू हिंसा पर नकेल कसने में सफल होगी।

## अयोग्य ठहराये गये विधायकों के लिए कांग्रेस के दरवाजे बंद : गुंडु राव

बेंगलुरु। कर्नाटक कांग्रेस ने कहा है कि अयोग्य ठहराये गये 15 विधायकों के लिए पार्टी के दरवाजे बंद हो चुके हैं और उन्हें वापस लेने का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुंडु राव ने शनिवार को कहा, "अयोग्य ठहराये गये विधायकों में से कुछ ने मुझ से बात की और पार्टी में वापस लौटने की इच्छा जतायी। कांग्रेस ने उन्हें वापस नहीं लेने का फैसला किया है। जिन विधायकों ने गठबंधन सरकार को धोखा दिया, उन्हें पार्टी में वापसी की अनुमति नहीं दी जायेगी। गुंडु राव ने मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा पर हमला करते हुए कहा, "येदियुरप्पा ने राज्य की पूर्ववर्ती कांग्रेस–जद(एस) सरकार की योजनाओं को रद्द कर दिया है। कांग्रेस और जनता दल (सेक्युलर) के विधायकों के विधानसभा क्षेत्रों के लिए निर्धारित की गयी राशि कम कर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार में आपस में कोई समन्वय नहीं है। राज्य को विनाशकारी बाढ़ और प्राकृतिक आपदा के कारण हुए भारी नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र सरकार की ओर से जारी की गयी रकम पर्याप्त नहीं है और उसकी मदद से अनिवार्य कार्य भी नहीं निपटाये जा सकते।

**आवश्यकता है**

के.डी.न्यूज समाचार पत्र/पोर्टल हेतु ब्लाक संवाददाता, व तहसील संवाददाता की आवश्यकता है।

–सम्पादक
के.डी.न्यूज
मो. 9415739288, 9721748962

# प्रधानमंत्री मोदी की अब दिल्ली में वोट साधने की तैयारी

नई दिल्ली। महाराष्ट्र और हरियाणा में जीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली भाजपा मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। हरियाणा में भले ही भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिला



फिर भी वहां निर्दलीय व जजपा के समर्थन से सरकार बनाने की तैयारी है वहीं महाराष्ट्र में भी भगवा लहराएगा। उन्होंने महाराष्ट्र और हरियाणा के विधानसभा चुनावों में पार्टी के बेहतर प्रदर्शन पर इकाई के नेताओं को सराहा तो दूसरी ओर दिल्ली में वोट साधने की कोशिश करते भी नजर आए। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को आगामी चुनावों के लिए तैयार रहने का संदेश भी दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिना नाम लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि जहां भाजपा की सरकार नहीं है वहां के मुख्यमंत्री केंद्र की योजना को लागू ही नहीं करते। यदि करते भी हैं तो अपने नाम से उस योजना को अपने राज्य में चलाने की मांग करते हैं जिससे की मोदी या केंद्र को इस योजना का क्रेडिट न मिले। ज्ञात रहे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संबोधन में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना की बात कर रहे थे,जिसे दिल्ली के मुख्यमंत्री लागू करने से इनकार कर दिया था। उनका कहना था कि दिल्ली में पहले से ही इससे बेहतर योजना चल रही है,इस योजना को लागू करने से कोई लाभ नहीं होगा। इस मुद्दे पर विपक्ष लगातार केजरीवाल सरकार पर उंगलियां उठाता रहा है। इसके साथ ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी भाजपा इकाई के नेताओं को दिल्ली और झारखंड में विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर जोर देने को कहा। अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने दिल्ली वालों को दिवाली का तोहफा देते हुए अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने जा रही है।

संसद के शीत सत्र आ सकता है प्रस्तावः गौरतलब है कि संसद के शीत सत्र में अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने के लिए प्रस्ताव को लाया जा सकता है।

# सम्पादकीय

## कांग्रेस को मिली कुछ राहत

हमेशा केंद्र और राज्य के चुनावों में मुद्दे अलग होते हैं। केंद्र के मुद्दे में पाकिस्तान या कश्मीर का मसला हो सकता है, लेकिन हरियाणा जैसे राज्य के लिए ये दोनों बड़े मुद्दे नहीं हैं। महाराष्ट्र में भी स्थिति कुछ ऐसी ही है। इस वक्त जिस तरह से देशभर में बेरोजगारी है, किसानों के विभिन्न मुद्दे हैं, महंगाई है और आर्थिक मंदी जैसे हालात हैं, ऐसे में विधानसभा के चुनाव में पाकिस्तान और कश्मीर को लेकर बताये जानेवाले राष्ट्रवाद को बड़ा मुद्दा नहीं माना जा सकता। इन सारे मुद्दों ने ही महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनावों में राष्ट्रवाद को गौण कर दिया और भाजपा को कम सीटों से ही संतोष करना पड़ा। लोगों ने अपना वोट इन्हीं सब आधारों पर दिया है। अब भी दोनों राज्यों में भाजपा बड़ी पार्टी बनी है, लेकिन भाजपा को जो उम्मीद थी, चुनाव परिणाम उसके अनुकूल नहीं हैं।



हालांकि, विपक्ष की स्थिति इतनी अच्छी नहीं रही है, और उसने इन दो राज्यों में इस तरह से चुनाव लड़ा है, जैसे उसे पहले से पता हो कि वह नहीं जीतेगा। यानी विपक्ष एक हताश मन लेकर मैदान में उतरा था, मानो वह हारने के लिए लड़ रहा हो। हालांकि, चुनाव प्रचार के आखिर में जहां महाराष्ट्र में शरद पवार ने कमर कस ली, तो वहीं तीन–चार सप्ताह पहले हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुडा को लाया गया, लेकिन फिर भी इन दोनों को जिस तरह से लड़ना चाहिए था, वे नहीं लड़े। अगर ये लोग एक प्लान बनाकर सुनियोजित तरीके से लड़ाई लड़े होते और इनका नेतृत्व स्पष्ट होता, तो संभव था कि यह चुनाव परिणाम कुछ और ही होता। ऐसा इसलिए, क्योंकि विपक्ष के पास तमाम मुद्दों पर भाजपा को ललकारने की जमीन बनी हुई थी। दूसरी बात यह है कि दोनों राज्यों में कुछ खास जातियों और समुदायों ने भाजपा के खिलाफ जाकर मतदान किया है। और वे बहुत मजबूत जातियां हैं। महाराष्ट्र में जहां–जहां भी राकांपा का प्रदर्शन अच्छा रहा है, वे मराठा क्षेत्र हैं और वहीं हरियाणा में हुडा की मेहनत जहां–जहां रंग लायी है, वे जाट क्षेत्र हैं। महाराष्ट्र में मराठा राजनीतिक रूप से प्रभावी हैं, तो वहीं हरियाणा में जाट। पिछली बार के चुनाव में ऐसा नहीं हुआ था। महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस ब्राह्मण हैं और हरियाणा के मनोहर खट्टर पंजाबी हैं, इसलिए ऐसा लगता है कि मराठा और जाटों को यह अच्छा नहीं लगा। इसकी एक वजह और भी है। पिछली बार के चुनाव में नरेंद्र मोदी की लहर थी जिसमें सभी जाति–समुदाय बहते चले गये थे।लेकिन, इन समुदायों को लगा कि राजनीतिक रूप से इनके प्रभावी होने के बावजूद भाजपा ने उन्हें नजरअंदाज किया, जबकि पांच–दास साल पहले कोई पार्टी इन्हें नजरअंदाज करने की हिम्मत नहीं दिखाती थी। इसलिए इस बार इन्होंने विपक्ष को खास तौर पर अपने समुदायों का समर्थन किया। एक बात और महत्वपूर्ण है, वह यह कि भाजपा में कहीं न कहीं हेकड़ी भी नजर आयी है, और इन समुदाय के नेताओं के पीछे बार–बार सीबीआई या ईडी को लगा दिया गया, जिससे इनके समर्थकों में भाजपा को लेकर नाराजगी पलने लगी थी। वही नाराजगी चुनाव परिणाम में बदल गयी और शरद पवार को जबरदस्त बढ़त मिली। हालांकि, ऐसा नहीं है कि उन क्षेत्रों में भाजपा का सूपड़ा साफ हो गया है, लेकिन जनाधार तो कम हुआ ही है।

भाजपा को उम्मीद थी कि महाराष्ट्र में वह 220 सीटों पर जीत हासिल करेगी और हरियाणा में तो नारा ही था– अबकी बार पचहत्तर पार, लेकिन इन दोनों उम्मीदों पर पानी फिर गया। महाराष्ट्र में फडणवीस ने तो फिर भी कुछ ठीक मैनेज किया है, लेकिन हरियाणा में तो खट्टर के मंत्री तक हार गये। मराठालैंड और जाटलैंड में विपक्ष की सीटों का बढ़ना निश्चित रूप से वहां भाजपा के जनाधार का कम होना दर्शाता है।महाराष्ट्र और हरियाणा का चुनाव कांग्रेस को कुछ ताकत दे गया है। हालांकि, उसने अपनी पूरी ताकत से लड़ाई नहीं लड़ी। उसे ताकत इस रूप में मिली है कि भाजपा या दूसरी पार्टियों के प्रति जब भी लोगों में गुस्सा या नाराजगी दिखी है, तो उनमें से अधिकतर लोग चुनावों में कांग्रेस की ओर ही देखते हैं। यानी, मुख्य विपक्षी पार्टी के रूप में कांग्रेस आज भी है, इसमें कोई शक नहीं है। इन चुनावों में एक बात और कांग्रेस की ताकत बढ़ाती दिखी है, वह यह कि कुछ जगहों पर लोगों ने कांग्रेस के प्रतीक चिह्न पर भी वोट दिया है, मसलन कांग्रेस के अशोक चव्हाण का जीतना। कांग्रेस को ताकत मिलने के बावजूद अगर आज भाजपा सरकार बनाने की स्थिति में है, तो जाहिर है कांग्रेस को अभी और ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। मुख्य विपक्षी पार्टी होने का खिताब बरकरार रखने से काम नहीं चलनेवाला है, चुनावों में बड़ी जीत हासिल करना और सरकार बनाने की ताकत हासिल करना ही असली राजनीतिक ताकत है। अब आगामी समय में दिल्ली समेत कई दूसरे राज्यों में भी चुनाव होने हैं। जाहिर है, इन दो राज्यों के चुनाव परिणामों के असर के नजरिये से आगामी विधानसभा के चुनावों को देखा जायेगा।

# विकसित होती अर्थव्यवस्था और भूखा भारत

**अंकित ''राधे''**

देश में कुपोषण और भुखमरी के हालात बदलने का नाम नहीं ले रहे। ग्लोबल हंगर इंडेक्स द्वारा हाल ही में जारी आंकड़ों के मुताबिक भारत 117 देशों की रैंकिंग में 102वें नंबर पर है। इसमें सबसे हैरानी की बात यह है कि हंगर इंडेक्स में भारत अपने पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका से भी पीछे है। इस इंडेक्स में पाकिस्तान 94 नंबर पर, बांग्लादेश 88वें नंबर पर और श्रीलंका 66वें नंबर पर है। रिपोर्ट कहती है कि भारत, दुनिया के उन 45 देशों में शामिल है जहां भूख को लेकर हालात बेहद गंभीर हैं। भारत में लोगों के स्वास्थ्य, पोषण और विकास के मुद्दों पर पर्याप्त काम नहीं किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक देश में भूखे लोगों की संख्या साल 2015 में 78 करोड़ थी जो अब बढ़कर 82 करोड़ हो गई है। यही नहीं देश में 6 से 23 महीने उम्र के बच्चों में से सिर्फ 9.6 फीसदी को न्यूनतम पौष्टिक आहार मिल पाता है। सरकारी आंकड़े भी कुछ इससे इतर बात नहीं करते। इसी साल अप्रैल महीने में केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने संसद को बताया था कि देश में 93 लाख से ज्यादा बच्चे गंभीर कुपोषण के शिकार हैं। ग्लोबल हंगर इंडेक्स ही नहीं, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएमआर), पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया की अगुवाई में हुए एक हालिया अध्ययन में भी यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ था कि देश में हर तीन में से दो बच्चों की मौत कुपोषण से हो रही है। जाहिर है कि स्थितियां बेहद चिंताजनक हैं, यदि अब भी हमने इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया, तो हालात और भी ज्यादा विकराल हो जाएगें।

आयरलैंड की कन्सर्न वर्ल्डवाइड तथा जर्मनी की वेल्थहंगरहिल्फे संस्था द्वारा संयुक्त रूप से प्रकाशित यह ग्लोबल हंगर इंडेक्स वैश्विक, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर भूख को मापने का पैमाना है। ये इंडेक्स दुनिया भर में कुपोषण और भूख को चार पैमानों पर रिकॉर्ड करता है। कुपोषण, बाल मृत्युदर, उम्र के अनुपात में कम विकास, लंबाई के अनुपात में कम वजन। चारों पैमाने पर आकलन के बाद, सभी देशों को 0 से 100 तक अंक मिलते हैं। इसी आधार पर सभी देशों में भुखमरी के हालात का अंदाजा लगाया जाता है। रिपोर्ट में भारत को महज 30.3 अंक मिले, जो भुखमरी की गंभीर स्थिति को दर्शाता है। बड़ी आबादी की वजह से भारत के ग्लोबल हंगर इंडेक्स इंडीकेटर में आने वाली वैल्यू का असर क्षेत्र के इंडीकेटर वैल्यू पर काफी होता है। मिसाल के तौर पर भारत का चाइल्ड वेस्टिंग रेट 20.8 फीसदी है, जो बेहद ऊंचा है। यह इस रिपोर्ट में शामिल किसी भी देश से ज़्यादा है। खुले में शौच से मुक्ति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। सत्ता में आते ही उन्होंने यह मुद्दा जोर–शोर से उठाया था और इस साल 2 अक्टूबर तक पूरे देश को खुले में शौच से मुक्त करने का लक्ष्य घोषित किया। सरकार ने इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए, स्वच्छ भारत के लिए करदाताओं पर स्वच्छता उपकर भी लगाया। 2 अक्टूबर, 2014 से अप्रैल 2018 तक इस मद में प्राप्त धनराशि में से 1 लाख 59 हजार करोड़ रूपए स्वच्छता अभियान के लिए आबंटित किए गए हैं। सरकार की इस कवायद से खुले में शौच से कितनी मुक्ति मिली, इसकी सच्चाई 'ग्लोबल हंगर इंडेक्स' रिपोर्ट बतलाती है। रिपोर्ट में इसके संबंध में दावा किया गया है कि ग्रामीण भारत में अभी भी खुले में शौच की प्रवृति जारी है। इस प्रवृति से लोगों के सेहत पर असर पड़ता है और इसका सबसे ज्यादा शिकार बच्चे होते हैं। साल 2014 से जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की सत्ता संभाली है, ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत की रैंकिंग में लगातार गिरावट हो रही है। साल 2014 में भारत 77 देशों की रैंकिंग में 55 नंबर पर था, तो साल 2017 में बनी 119 मुल्कों की फेहरिस्त में उसे 100वां पायदान हासिल हुआ था और साल 2018 में वह 119 देशों की सूची में 103वें स्थान पर आ गया। साल 2019 में स्थिति और भी ज्यादा बिगड़ गई। मोदी सरकार, लगातार यह दावा करती है कि भारतीय अर्थव्यवस्था, दुनिया की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। देश में तेज आर्थिक विकास हो रहा है। साल 2024 तक देश की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी। सरकार की यह बात मान भी ली जाए, तो आर्थिक विकास लोगों की जिंदगी को संवारने में मदद करता है। तेज आर्थिक वृद्धि दर से प्रति व्यक्ति आय दर में बढ़ोतरी होती है। साथ ही सार्वजनिक राजस्व में भी बढ़त देखी जाती है। जिसका इस्तेमाल सरकार कहीं न कहीं समाज के विकास में ही करती है। लेकिन ग्लोबल हंगर इंडेक्स, सरकार के तमाम दावों और आंकड़ों पर सवाल खड़े करता है। 8 फीसदी की दर से बढ़ रही अर्थव्यवस्था क्या इतनी भी सक्षम नहीं है कि वह अपनी आबादी के एक बड़े तबके को भोजन करा सके? उनकी गरीबी और भुखमरी को दूर कर सके। आर्थिक वृद्धि हुई भी है, तो इसका फायदा देश के चंद पूंजीपति घरानों को ही मिला है। तथाकथित तेज आर्थिक वृद्धि दर के इस चमकते दौर में पूंजीपतियों ने तो काफी तरक्की की है। अमीर और अमीर होते जा रहे हैं, तो गरीब और गरीब। आर्थिक उदारीकरण, वैश्वीकरण और निजीकरण की नीतियों ने देश के अमीर और गरीब वर्ग के बीच आर्थिक असमानता बढ़ाने का ही काम किया है। अमीर और गरीब के बीच में बढ़ती खाई ने गरीबों को भोजन जैसी बुनियादी सुविधाओं से दूर कर दिया है। आर्थिक असमानता की वजह से भुखमरी की समस्या और भी ज्यादा गंभीर हुई है। जाहिर है कि प्रति व्यक्ति आय दर में असमानता, ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत की बिगड़ती स्थिति की एक बड़ी वजह है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट, भूख से लड़ने के लिए दक्षिण एशिया के दो देशों, नेपाल और बांग्लादेश की जमकर तारीफ करती है। इसमें कहा गया है कि इन दो देशों ने बाल पोषण की दिशा में अहम कदम उठाए हैं और इनके तजुर्बे से बाकी देश सबक सीख सकते हैं। ऐसा नहीं है कि हमारी सरकारें भुखमरी और कुपोषण की समस्या से अंजान है और इस समस्या के समाधान के लिए कोई कोशिशें नहीं कर रहीं। पूरे देश में एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, आयुष्मान भारत योजना और राष्ट्रीय पोषाहार मिशन लागू है। बाल पोषण की दिशा में और सबके लिए भोजन की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने कई सामाजिक योजनाएं बनाई हैं। मसलन अंत्योदय अन्न योजना, मिड डे मील योजना, अन्नपूर्णा योजना, राशन वितरण प्रणाली। इन सब योजनाओं के अलावा साल 2013 में भोजन का अधिकार कानून भी इसलिए बना कि स्थितियों में सुधार आए। देश को कुपोषण और भुखमरी के कलंक से मुक्ति मिले। लेकिन तमाम कोशिशों के बाद भी कुपोषण और भुखमरी जैसी समस्याओं से निजात नहीं मिल पा रही है। भोजन का अधिकार कानून लागू होने के बाद भी यदि देश का एक बड़ा वर्ग सस्ते दामों पर अनाज पाने की सहूलियत से महरुम है, तो इसके लिए सरकार एवं प्रशासनिक अमले की उदासीनता और लापरवाही जिम्मेदार है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और भोजन के अधिकार कानून को सही तरह से अमल में लाकर ही देश भुखमरी और कुपोषण की समस्या से निपट सकता है। जरूरत, हमारी आर्थिक नीतियों की समीक्षा की भी है। क्या वजह है कि आर्थिक वृद्धि का फायदा, देश के सभी वर्गों तक नहीं पहुंचा, यह सिर्फ एक वर्ग तक ही क्यों सीमित रह गया?

# लखनऊ में मुख्यमन्त्री ने, सुलतानपुर में प्रभारी मन्त्रीजी ने किया मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का शुभारम्भ

**– सशक्त होंगी महिलाएं, सरकार की इस पहल से-प्रभारी मन्त्री**

**–45 लाभार्थियों को दिया गया योजना का लाभ**

सुलतानपुर। महिलाओं के सशक्तीकरण की प्रतिबद्धता के दृष्टिगत प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना को संचालित किया जा रहा है, जिसका लखनऊ में प्रदेश के मुख्यमन्त्री जी द्वारा तथा जनपद सुलतानपुर में प्रभारी मन्त्रीजी द्वारा योजना का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर 45 लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया गया।

योजना के शुभारम्भ अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा शिशु कल्याण मन्त्री जय प्रताप सिंह ने कहा कि महिला सशाक्तीकरण शासन की प्रतिबद्वता है, जिसके दृष्टिगत राज्य सरकार द्वारा कन्या सुमंगला योजना को लागू किया गया है। उन्होने बताया कि कन्या सुमंगला योजना का मुख्य उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करना, समान लैगिक अनुपात स्थापित करना, बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकना, बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को प्रोत्साहन देना, बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने में सहायता प्रदान करना तथा बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच को विकसित करना है। सरकार की इस पहल से प्रदेश की बालिकाएं एवं महिलाएं सशक्त होंगी एवं देश की सेवा में महती भूमिका निभायेंगी। योजना की जानकारी देते हुए प्रभारी मन्त्री ने बताया कि बालिका के जन्म होने पर रू0 2000/–, बालिका के एक वर्ष तक के पूर्ण टीकाकरण के उपरान्त रू0 1000/–, कक्षा–01 में बालिका के प्रवेश के उपरान्त रू0 2000/–, कक्षा–06 में बालिका के प्रवेश के उपरान्त रू0 2000/–, कक्षा–09 में बालिका के प्रवेश उपरान्त रू0 3000/– तथा ऐसी बालिकायें जिन्होंने कक्षा–12वीं उत्तीर्ण करके स्नातक अथवा 02 वर्षीय या अधिक अवधि के डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लिया हो, को रू0 5000/– की सहायता शासन द्वारा प्रदान की जायेगी। पात्रता की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि लाभार्थी का परिवार उत्तर प्रदेश का निवासी हो, परिवार की वार्षिक आय 03 लाख तक हो, परिवार की अधिकतम 02 ही बच्चियों को योजना का लाभ मिल सकेगा। किसी महिला को द्वितीय प्रसव से जुड़वा बच्चे होने पर तीसरी सन्तान के रूप में लड़की को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होने जन सामान्य से अपील की है कि कन्या सुमंगला योजना हेतु ऑनलाइन आवेदन कर बालिकाओं को स्वावलंबी बनायें। सदस्य राज्य महिला आयोग सुमन सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिये उनके परिवार को आगे आना होगा। अपनी बालिकाओं को अच्छी शिक्षा दिलाना होगा एवं भेदभाव रहित पारिवारिक वातावरण सृजित करना होगा। तभी शासन की मंशा को साकार रूप मिल सकेगा। जिलाधिकारी सी0 इन्दुमती ने बताया कि कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत 25 अक्टूबर तक कुल 3893 आवेदन ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के सापेक्ष 1558 फाइनल सबमिट के उपरान्त 45 की संस्तुति कर शासन को प्रेषित कर दिया गया। जिन्हें प्रभारी मंत्री द्वारा स्वीकृति पत्र वितरित किये गये। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ वेद मत्रोंपचार के साथ प्रारम्भ हुआ। प्रभारी मंत्री जी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण भी किया। केशकुमारी बालिका इण्टर कॉलेज के छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किये गये। सूचना विभाग द्वारा योजना का एल0ई0डी0 वैन द्वारा लाईव प्रसारण किया गया तथा विकास एवं शुसान के 30 माह के प्रचार सहित्य का जन सामान्य में वितरण किया गया। शुभारम्भ अवसर पर विधायक सुलतानपुर सूर्यभान सिंह, विधायक कादीपुर राजेश गौतम, विधायक लम्भुआ देवमणि द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष बबिता जायसवाल, जिला विकास अधिकारी डॉ0 डी0आर0 विश्वकर्मा, उप जिलाधिकारी सदर रामजी लाल, सीओ सिटी सतीश चन्द्र शुक्ला, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी पन्नालाल, तहसीलदार सदर पीयूष, जिला प्रोबेशन अधिकारी अशोक कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहे।

## दायित्वों का निर्वहन निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करें- प्रमुख सचिव

सुलतानपुर। प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग, उ0प्र0 शासन,नोडल अधिकारी जनपद सुलतानपुर की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रमुख सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह अपने दायित्वों का निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करना सुनिश्चित करें। जनपद में कराये जा रहे विकास एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा कार्य को समयान्तर्गत पूर्ण करने के निर्देश सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं को दिये। साथ ही उन्होंने जिलाधिकारी को पूर्ण हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जॉच कराये जाने के निर्देश दिये और कहा कि यदि गुणवत्ता खराब पायी जाये, तो सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्यवाही की जाये। प्रमुख सचिव ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत आयुष्मान भारत योजना के तहत जनपद में निर्गत किये गये गोल्डन कार्ड के विषय तथा कितने मरीजों को योजना का लाभ प्राप्त हुआ, के विषय में जानकारी प्राप्त की। इसके साथ उन्होंने और अधिक पात्रों को गोल्डन कार्ड बनाने के निर्देश दिये। विभिन्न प्रकार के पेंशन की समीक्षा करते हुए प्रमुख सचिव ने कहा कि कोई भी पात्र पेंशन योजना से वंछित न रहे। पंचायती राज एवं नगर विकास के अन्तर्गत स्वच्छता कार्यक्रम,स्वच्छ भारत मिशन,शौंचालयों का निर्माण एवं उपयोग की समीक्षा करते हुए नोडल अधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है शहर एवं गॉव प्रत्येक दशा में स्वच्छ दिखने चाहिये। उन्होंने गॉवों में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाने एवं सार्वजनिक शौंचालयों के निर्माण कराये जाने के निर्देश सम्बन्धितों को दिये। प्रमुख सचिव श्री श्रीवास्तव ने महिला अपराध पर प्रभावी नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही, अवैध खनन के विरूद्ध कार्यवाही, निराश्रित गोवंश हेतु आश्रय स्थल के निर्माण,संचालन, राष्ट्रीय खाद सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन, पेयजल, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, पोषण अभियान, शिक्षा की गुणवत्ता, राजस्व वादों का निस्तारण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना तथा 50 लाख से अधिक लागत की अधूरी परियोनाओं की स्थिति आदि बिन्दुओं की गहन समीक्षा की। इससे पूर्व प्रमुख सचिव विकास खण्ड कुड़वार के ग्राम रवनिया पूरब में चौपाल लगाकर ग्राम में कराये गये विकास एवं निर्माण कार्यों का सत्यापन ग्रामीणों के मध्य कराया तथा गॉव का निरीक्षण भी किया। अमहट स्थित कॉजी हाउस तथा सिविल लाइन स्थित ओवर हेड टैंक का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी सी0 इन्दुमती, पुलिस अधीक्षक हिमांशु कुमार, जिला विकास अधिकारी डॉ0 डी0आर0 विश्वकर्मा, परियोजना निदेशक, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी पन्नालाल सहित अन्य जनपदीय अधिकारी मौजूद रहे।

## बाल संरक्षण इकाई की मासिक बैठक सम्पन्न

सुल्तानपुर। पुलिस लाइन के सभागार में स्पेशल जूविनाइल पुलिस यूनिट व जिला बाल संरक्षण इकाई की मासिक बैठक की गयी। जिसमें जनपद के सभी थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी,महिला कल्याण पुलिस अधिकारी अध्यक्ष, सदस्य बाल कल्याण समिति ,उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुलतानपुर व जिला प्रोबेशन अधिकारी सुल्तानपुर ने भाग लिया बैठक में जनपद सुलतानपुर में बाल संरक्षण क्षेत्र में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु विचार विमर्श किया गया।

बाल कल्याण समिति द्वारा थानों में गुमशुदा बच्चों के संबंध में विशेष ध्यान देने व प्रोबेशन अधिकारी के द्वारा देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर उचित आदेश प्राप्त करने हेतु अवगत कराया गया। नवजात शिशुओं के लावारिस फेंके जाने के प्रकरणों अज्ञात परिजनों के विरुद्ध धारा 317 आई पी सी व 75 जे जे एक्ट के तहत हर हालत में अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की जाय। विगत दिनों ऐसे लावारिश 03 शिशु स्वस्थ होने की स्थिति से अवगत कराया गया। विधि का उल्लंघन करने वाले किशोर, देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालक तथा गुमशुदा बच्चों की बरामदगी का निर्धारित नक्शों के अनुसार अभिलेखीकरण करने पर बल दिया गया। पंजीकृत अभियोगों की निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत विवेचना निस्तारण हेतु तथा पीडितो को सीडब्लूसी के समक्ष भी उपस्थित करने हेतु अवगत कराया गया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष बाल कल्याण समिति श्रीमती सुमन खरे द्वारा तथा संचालन शिवराज पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुलतानपुर द्वारा किया गया।

## अनियमितता पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कार्यवाही के दिये निर्देश

सुलतानपुर। विकास कार्यों में अनियमितता की शिकायत पर जॉचोंपरान्त प्रधान एवं सचिव सहित अन्य के विरूद्ध कार्यवाही की गयी है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए जिला पंचायतराज अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता अफरोज अहमद, निवासी ग्राम पंचायत कनेहटी द्वारा विकास खण्ड धनपतगंज द्वारा ग्राम पंचायत कनेहटी में कराये गये विकास कार्यों में अनियमितता किये जाने सम्बन्धी शिकायती पत्र जिलाधिकारी को प्रेषित किया गया था। जिसकी जॉच जिलाधिकारी द्वारा जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं सहायक अभियन्ता जिला पंचायत के माध्यम से करायी गयी। जॉच आख्या के अनुसार ग्राम पंचायत कनेहटी मनरेगा योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों में 267750 रू0 का शासकीय दुरूपयोग की पुष्टि होने पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा उत्तरदायी पाये गये ग्राम प्रधान अकरम खॉन, ग्राम पंचायत सचिव राधेश्याम कुशवाह एवं तकनीकी सहायक ग्राम पंचायत कनेहटी सुधाकर पाण्डेय के विरूद्ध पंचायतराज अधिनियम के तहत कारण बताओं नोटिस निर्गत की गयी तथा अभिलेखी साक्ष्यों सहित स्पष्टीकरण तलब किया गया।

## 14 नवम्बर को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 351 जोड़ों का होगा विवाह

सुलतानपुर। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जिले में 14 नवम्बर को 351 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया जायेगा। जिसके लिये विकास खण्डवार लक्ष्य निर्धारित करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिये गये हैं। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए जिलाधिकारी सी0 इन्दुमती ने बताया कि शासन की शीर्ष प्राथमिकता परक मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 14 नवम्बर को 351 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराये जाने के दृष्टिगत विकास खण्डवार लक्ष्य को निर्धारित कर दिया गया है। विकास खण्ड जयसिंहपुर, कूरेभार, बल्दीराय, मोतिगरपुर, कादीपुर, दोस्तपुर, अखण्डनगर, लम्भुआ, करौंदीकलॉ, धनपतगंज, प्रतापपुर कमैचा, कुड़वार, दूबेपुर, भदैंयॉ एवं नगर पालिका सुलतानपुर को 20–20 सामूहिक विवाह हेतु लक्ष्य आवंटित किया गया है।

इसके अतिरिक्त नगर पंचायत दोस्तपुर, कादीपुर तथा नगर पंचायत कोईरीपुर को 15–15 व जिला पंचायत को 50 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस प्रकार कुल 395 के सापेक्ष 351 जोड़ों का सामूहिक विवाह 14 नवम्बर को कराया जायेगा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये लक्ष्य के अनुरूप सामूहिक विवाह कराये जाने के निर्देश दिये हैं। साथ ही शिथिलता एवं लापरवाही बरतने पर कार्यवाही के लिये सचेत भी किया।

## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के आवेदन आमंत्रित

सुलतानपुर। शिक्षित बेरोजगारों के लिये रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले इच्छुक शिक्षित बेरोजगार लोगों को प्रोजेक्ट के आधार पर रू0 01 लाख से 25 लाख तक आर्थिक सहायता बैंकों के माध्यम से कुटीर उद्योग स्थापनार्थ उपलब्ध करायी जाती है। जिसके आवेदन 10 नवम्बर तक आमंत्रित किये जा रहे है। इच्छुक शिक्षित बेरोजगार अपना आवेदन पत्र निर्धारित तिथि जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में जमा कर सकता है। यह जानकारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने दी।

# नारकोटिक विभाग का जांच अधिकारी बताकर लाखो हड़पने वाले की जमानत खारिज

## अफीम का लाईसेंस दिलाने के नाम पर पेट्रोल पम्प संचालक से हड़पे थे 31 लाख रुपये

सुलतानपुर। नारकोटिक विभाग का जांच अधिकारी बताकर अफीम की खेती का लाईसेंस दिलाने के नाम पर 31 लाख रूपये हड़प लेने के मामले में आरोपी की तरफ से जिला जज की अदालत में जमानत अर्जी प्रस्तुत की गयी। जिस पर सुनवाई के पश्चात जिला जज तनवीर अहमद ने आरोपी के अपराध की गम्भीरता को देखते हुए जमानत अर्जी खारिज कर दी। मामला चांदा थाना क्षेत्र के शेरपुर परसरामपुर गांव से जुड़ा है। जहां के रहने वाले विजय कुमार तिवारी समेत अन्य के खिलाफ नरेन्द्र बहादुर सिंह वर्तमान निवासी आनापुर–चांदा ने बीते आठ जुलाई को मुकदमा दर्ज कर कराया। आरोप के मुताबिक विजय तिवारी अभियोगी के पेट्रोल पम्प पर आये और अपने को गोरखपुर मंडल में नारकोटिक विभाग का जांच अधिकारी बताते हुए अफीम की खेती के लिए लाईसेंस दिलाने का झांसा दिया। विजय तिवारी ने अफीम की खेती में लम्बा फायदा होने की बात कहकर 40 लाख रूपये में लाईसेंस दिलाने का सौदा तय किया। आरोपी के झांसे में आकर अभियोगी ने 31 लाख रूपये आरोपी विजय तिवारी को दे भी दिये। अपनी बातों को सही ठहराने के लिए विजय तिवारी ने फर्जी अभिलेख भी अभियोगी के ईमेल पर ट्रान्सफर किये। आरोपी विजय की हकीकत से वाकिफ न होने के चलते अभियोगी का विश्वास और बढ़ता गया। काफी दिन बीत जाने के बाद जब लाईसेंस नहीं मिला तो अभियोगी अपने रूपये वापस मांगने लगा। जिस पर आरोपी विजय तिवारी,उसके पिता रामकृपाल, भाई संजय तिवारी और माँ ने अभियोगी से बदसलूकी की और जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। इस मामले में आरोपी विजय तिवारी जेल गया, जिसकी तरफ से जिला जज की अदालत में जमानत अर्जी प्रस्तुत की गयी। अर्जी पर सुनवाई के दौरान विजय तिवारी पर इस तरीके अन्य केस भी पहले से दर्ज होने की बात सामने आई। उभय पक्षो को सुनने के पश्चात जिला जज तनवीर अहमद ने आरोपी के जरिये किये गये अपराध को अत्यन्त गम्भीर मानते हुए जमानत अर्जी खारिज कर दी।

# मुर्दा बड़ी मां को जिंदा दिखाने के मामले में सीजेएम के आदेश को जिला जज ने ठहराया गलत

### – लोअर कोर्ट के आदेश को अपास्त कर डीजे ने पुनः सुनवाई का दिया आदेश

### – मृतक बड़ी माँ की जगह दूसरे को खड़ा कर फर्जी वसीयत के सहारे सम्पत्ति हड़पने का मामला

सुलतानपुर। मुर्दा बड़ी माँ को जिंदा दिखाकर फर्जी वसीयत के सहारे एनएच 56 से प्रभावित लाखों की जमीन हड़पने के मामले में केस दर्ज कराने को लेकर पड़ी अर्जी के सम्बंध में सीजेएम के खरीजा आदेश को जिला जज ने पलट दिया है। सीजेएम कोर्ट से हुए खारिजा सम्बंधी आदेश को जिला जज तनवीर अहमद ने अपास्त करते हुए मामले में पुनः सुनवाई कर उचित निर्णय लेने का आदेश दिया है। मामला जगदीशपुर थाना क्षेत्र के सिंधियावां गांव से जुड़ा है। जहां के रहने वाले अभियोगी कल्लन के मुताबिक उसके बड़े पिता बुद्धू की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी रमजानी प्रापर्टी की हकदार बनीं। 10 फरवरी 1985 को रमजानी की मृत्यु हो गयी। जिसके दो दिन बाद मृतक रमजानी की जगह दूसरी महिला को खड़ी करके अभियोगी के सगे भाई इश्तियाक व मुस्ताक ने एनएच 56 से प्रभावित जमीन को हड़पने के चक्कर में रजिस्ट्री दफ्तर के अफसरों को मिलाकर फर्जी रजिस्टर्ड वसीयत नामा तैयार करा लिया और इसी आधार पर दोनों भाईयों ने वेशकीमती जमीन अपने नाम ट्रान्सफर करा लिया। इतना ही नहीं भाईयों ने फर्जी इंद्राज के आधार पर एनएच 56 से लाखों का मुआवजा लिया और कुछ जमीनें दूसरे को बेच भी दी। इस फर्जीवाड़े के सम्बंध में अभियोगी ने थाने से लेकर जिले स्तर तक के पुलिस अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन किसी ने भी कार्यवाही की जहमत नहीं उठाई। न्याय की आश लेकर अभियोगी ने सीजेएम कोर्ट में केस दर्ज कराने एवं जांच की मांग को लेकर अर्जी दी, लेकिन तत्कालीन सीजेएम ने बीते 4 मई को अभियोगी का हित विवादित सम्पत्ति में निहित न होने एवं वसीयतनामे के निरस्तीकरण की कार्यवाही किसी सक्षम न्यायालय से न होने समेत अन्य तथ्य दर्शाते हुए अभियोगी की अर्जी को निराधार मानते हुए खारिज कर दिया। सीजेएम के इस आदेश को गलत ठहराते हुए अभियोगी ने जिला जज की अदालत में चुनौती दी। मामले में जिला जज की अदालत में सुनवाई चली और पक्षकारों ने अपने तर्कों एवं साक्ष्यों को प्रस्तुत किया। जिसके पश्चात जिला एवं सत्र न्यायाधीश तनवीर अहमद ने रमजानी के मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य साक्ष्यों को दृष्टिगत रखते हुए सीजेएम के आदेश को पलटते हुए अभियोगी की निगरानी स्वीकार कर ली। जिला जज की अदालत ने अभियोगी की निगरानी के सम्बंध में पारित आदेश को दृष्टिगत रखते हुए पुनरू सुनवाई कर विधि अनुसार उचित निर्णय लेने का आदेश दिया है। अदालत के इस आदेश से फर्जीवाड़ा करने वाले आरोपियों की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है।

# जिला कारागार का हुआ निरीक्षण

सुल्तानपुर।जनपद न्यायाधीश तनवीर अहमद की संरक्षता में संदीप कुमार सिविल जज प्रवर खंड व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा शशि कुमार प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुल्तानपुर द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला कारागार सुल्तानपुर का निरीक्षण किया गया निरीक्षण में जिला कारागार अधीक्षक श्रीमती अमिता दुबे जिला कारापाल अपूर्व पाठक तथा समस्त कारापाल व कर्मचारी गण उपस्थित रहे निरीक्षण के उपरांत जिला कारागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुल्तानपुर द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें पैरा लीगल वालंटियर सतीश कुमार पांडे व माननीय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संदीप कुमार तथा शशि कुमार अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा जिला कारागार अधीक्षक श्रीमती अमिता दुबे द्वारा उपस्थित बनदियो को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया तथा जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों से अपील की गई की जिन बंदियो के पास कोई पारिवारिक समस्या हो तथा उनके वादों की पैरवी करने हेतु कोई अधिवक्ता नियुक्त न किया गया हो इस संबंध में अधीक्षक जिला कारागार सुल्तानपुर द्वारा अपना आवेदन पत्र अग्रसारित कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुल्तानपुर को प्रेषित करें जिससे उन्हें विधिक सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

# एक शिक्षक के रूप में नजर आयीं जिलाधिकारी

## लेखपालों को ईमानदारी से दायित्व निर्वहन की दी नसीहत

सुलतानपुर। जिलाधिकारी सी0 इन्दुमती एक शिक्षक के रूप में नजर आयीं और लेखपाल व कानून–गो को ईमानदारी के साथ दायित्व निर्वहन की नसीहत दी। जिलाधिकारी पं0 राम नरेश त्रिपाठी सभागार में लेखपाल एवं कानून–गो की आयोजित एक गोष्ठी को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कल्याणकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाने में लेखपाल एवं कानून–गो की एक महती भूमिका होती है। यह राजस्व विभाग के महत्वपूर्ण अंग हैं। इनके बिना कोई भी योजना का शत–प्रतिशत ग्रामीणांचलों में क्रियान्वयन किया जाना असम्भव है। उन्होंने लेखपाल एवं कानून–गो को वर्तमान परिवेश के अनुसार अपनी मानसिकता में परिवर्तन लाते हुए स्वार्थ रहित शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन किये जाने की नसीहत दी साथ ही यह भी कहा कि असहाय, गरीब, अनाथ, निर्बल एवं महिलाओं की सेवा करना एक पुनीत का कार्य है। अतः इनको प्राथमिकता देते हुए जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करें। इससे जहां एक और पात्र को योजना का लाभ मिलेगा, वहीं सहयोग करने वाले को आत्मशांति प्राप्त होगी गोष्ठी में अपर जिलाधिकारी (प्रशा0) हर्ष देव पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी(वि0व्रा0) उमाकान्त त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी डॉ0 डी0आर0 विश्वकर्मा, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, कानून गो, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

## सिविल जज ने शिविर में दी कानूनी जानकारी

सुलतानपुर। जिला जज के निर्देशन में सिविल जज मुसाफिरखाना स्वतंत्र रावत की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों को विधि के बारे में जानकारी दी गयी। सिविल जज स्वतंत्र रावत की अध्यक्षता में मुसाफिरखाना क्षेत्र स्थित प्राईमरी पाठशाला खाओदिया में साक्षरता शिविर लगाया गया। जिसमें करीब तीन सौ लोगों ने हिस्सा लिया। सिविल जज ने शिविर में शामिल लोगों को कानून की जानकारी दी। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री किसान एवं सर्वहित बीमा योजनान्तर्गत 05 लाभार्थियों को दिया गया लाभ

सुलतानपुर। मुख्यमंत्री किसान सर्वहित बीमा योजना के अन्तर्गत जनपद में 05 लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया गया। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी सी0 इन्दुमती ने बताया कि भानुमती पत्नी भूगोल, निवसिनी ग्राम खारा परागना बरौमा तहसील बल्दीराय, विधाता पत्नी स्व0 रूपई, निवासी ग्राम सराय कल्यान परगना अल्देमऊ कादीपुर, आशा देवी पत्नी स्व0 राम कलप, निवासी ग्राम व पोस्ट थाना परगना मीरानपुर सदर, शोभावती पत्नी स्व0 धर्मेन्द्र कुमार, निवासी ग्राम असरोगा परगना मीरानपुर सदर तथा सुबरन पत्नी स्व0 जगदीश ग्राम कैथवारा परगना अल्देमऊ तहसील जयसिंहपुर को पॉच–पॉच लाख की सहायता उपलब्ध करायी गई।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने दी जनपद वासियों को दीपावली की शुभकामनाएं

सुलतानपुर। जिलाधिकारी सी0 इन्दुमती ने जनपद वासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने अपने शुभकामना सन्देश में कहा कि दीप का पर्व दीपावली सभी के जीवन को प्रकाशमय करते हुए सुख–समृद्धि लाये। इसी क्रम में–पुलिस अधीक्षक हिमांशु कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर कुँवर बहादुर सिंह द्वारा दीपावली के उपलक्ष्य में अधिकारी व कर्मचारी गणों को मिष्ठान वितरण कर दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी गई।

# पलहीपुर में स्पोर्टस काम्पलेक्स से होगा ग्रामीण एवं शहरी दोनों का फायदा– उपाध्यक्ष

## स्पोर्टस काम्पलेक्स की भूमि पर राज्यमंत्री ने किया वृक्षारोपण

सुलतानपुर। उपाध्यक्ष,दर्जा राज्यमंत्री उ0प्र0 राज्य युवा कल्याण परिषद डॉ0 विभ्राट चन्द्र कौशिक ने अपने जनपद भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत पलहीपुर में प्रस्तावित स्पोर्ट्स काम्पलेक्स का स्थलीय निरीक्षण किया तथा काम्पलेक्स की भूमि पर वृक्षारोपण भी किया। विकास खण्ड दूबेपुर की ग्राम पंचायत पलहीपुर में प्रस्तावित स्पोर्टस काम्पलेक्स का स्थलीय निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष डॉ0 कौशिक ने कहा कि शासन खेल के प्रति संवेदनशील है। खेल से जहां एक ओर स्वास्थ्य ठीक रहता है। वहीं खिलाड़ियों को खेल के प्रति अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्राप्त होता है। इसी के दृष्टिगत शासन द्वारा प्रदेश के प्रत्येक ब्लाक स्तर पर एक स्पोर्टस काम्पलेक्स बनाये जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि विकास खण्ड दूबेपुर की ग्राम पंचायत पलहीपुर में प्रस्तावित स्पोर्टस काम्पलेक्स के बन जाने से ग्रामीणों व शहरी दोनों के खेल प्रेमियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने जिला युवा कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन से अवमुक्त होने वाली धनराशि का सदुपयोग करते हुए सर्वप्रथम स्पोर्टस काम्पलेक्स की बाउण्ड्रीवाल एवं गेट का निर्माण करायें, ताकि काम्पलेक्स की भूमि पर अनाधिकृत कब्जा न हो पाये। भूमि की भौगोलिक स्थिति के दृष्टिगत मंत्री ने तरणताल के निर्माण पर भी जोर दिया। इस अवसर पर दर्जा राज्यमंत्री डॉ0 कौशिक ने स्पोर्टस काम्पलेक्स की भूमि पर पाकड़, नीम, बरगद, गुड़हल, चितवन का पौध रोपित भी किया। इस सम्बन्ध में जिला युवा कल्याण अधिकारी राजेश वर्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित ''खेलो इण्डिया खेलो योजना'' के अन्तर्गत जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड में एक स्पोर्टस काम्पलेक्स बनाया जाना प्रस्तावित है। इसके लिये जनपद के 06 विकास खण्डों मोतिगरपुर की ग्राम पंचायत शाहपुर लपटा, कूरेभार में सारंगपुर, दोस्तपुर में तेडवाकाजी, लम्भुआ में लम्भुआ, पी0पी0 कमैचा में रीढ़ी तथा विकास खण्ड दूबेपुर की ग्राम पंचायत पलहीपुर में काम्पलेक्स हेतु भूमि प्राप्त हो गयी है। जिसमें से शाहपुर लापटा, सारंगपुर, तेडवाकाजी तथा पलहीपुर का प्रस्ताव भी शासन को प्रेषित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त अन्य विकास खण्डों में स्पोर्ट्स काम्पलेक्स हेतु भूमि के चिन्हांकन का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान जिलाध्यक्ष भाजपा जगजीत सिंह, ग्राम प्रधान अमर बहादुर सिंह सहित अन्य गणमान्य जन मौजूद रहे।

# किलकारियों से गूंजा अविवि का संतकबीर सभागार

अयोध्या। डॉ. राममनोहर अवध विश्वविद्यालय के संतकबीर सभागार में शुक्रवार को प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नीलकंठ तिवारी ने कन्या सुमंगला योजना की शुरुआत की। लंबे समय तक चले कार्यक्रम में नन्हीं कन्याओं की किलकारियां गूंजती रहीं। यहां राजधानी से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सजीव प्रसारण को देखा और सुना गया। लाभार्थी के रूप में चयनित कक्षा एक से नौ तक की पांच–पांच कन्याओं को स्वीकृत प्रदान की गई।

मंत्री ने बताया कि यह योजना के तहत बालिकाओं के शिक्षा को बेहतर बनाने के साथ आत्मनिर्भर किया जाएगा। योजना में बालिकाओं के जन्म पर दो हजार रुपये, एक वर्ष पूर्ण होने पर एक हजार रुपये, पहली कक्षा में प्रवेश दो हजार रुपये, कक्षा–छह में प्रवेश पर दो हजार रुपये, कक्षा नौ में प्रवेश तीन हजार रुपये तथा 10वीं–12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर डिग्री या डिप्लोमा में प्रवेश करने पर पांच हजार रुपये एक मुश्त दिया जाएगा। योजना के तहत बेटी के जन्म से लेकर टीकाकरण व शिक्षा की व्यवस्था है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नारा इस योजना का मूल मंत्र है। कार्यक्रम में महापौर रिषिकेश उपाध्याय, विधायक वेदप्रकाश गुप्त, रामचंद्र यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल, गिरीश पांडेय उर्फ डिप्पुल, जिला विद्यालय निरीक्षक आरबीएस चौहान, बीएसए अमिता सिंह, प्रोवेशन अधिकारी विकास सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीलम गुप्ता, विधि सहपरिवीक्षा अधिकारी, शिवाकांत शुक्ल, संरक्षण अधिकारी संतोष कुमार, कनौसा मेथोडिस्ट इंटर कॉलेज की अध्यापिकाएं व छात्राएं, श्रुती सिंह, निधी श्रीवास्तव, नीतू यादव, राधेश्याम, आत्माराम पांडेय, रवि कुमार, आशीष कुमार, शेरअली व अन्य थे।



# आस्था के वास्ते दौड़ा शहर

अयोध्या। रन फॉर आस्था के साथ रामनगरी का बहुप्रतीक्षित दीपोत्सव का तीसरा संस्करण शुरू हो गया। सुबह सात बजे रामपैड़ी पर एक ही रंग की टी–शर्ट पहने बड़ी संख्या में युवक व युवतियों का हुजूम जमा रहा। भारत माता की जय, जय श्रीराम व वंदेमातरम के जयघोष के बीच सरयू तट से पंचकोसी परिक्रमा पथ जन समूह आगे बढ़ा। आगे बढ़ते लाखों पग के साथ ही दीपोत्सव का रंग भी प्रगाढ़ होता रहा। सड़क पर गहमागहमी रही। जगह–जगह सुरक्षा बल की तैनाती व जलपान का सुविधा रही। पैड़ी से पहले युवतियों का समूह निकला। बाद में युवाओं का। पैड़ी पर ही उत्कृष्ट धावकों को सम्मानित करने के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। एकादशी का मौका होने के कारण रास्ते में बड़ी संख्या में जनसामान्य व साधु परिक्रमा करते रहे।

गोरखनाथ बाबा, मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश अवस्थी, आयुक्त मनोज मिश्र, अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो.मनोज दीक्षित, जिलाधिकारी अनुज कुमार झा, एसएसपी आशीष तिवारी ने धावकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम के प्रायोजक उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडी) रहा।

धावक रामकी पैड़ी से जानकी महल ट्रस्ट, महोबरा, उदया चौराहा, चक्रतीर्थ, झुनकी व गोलाघाट होते हुए रामकी पैड़ी पर पहुंचे। ढाई हजार प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पांच सौ छात्राओं के साथ दो हजार छात्रों एवं युवाओं ने प्रतिभाग किया। आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया मुहिम को आगे बढ़ाता दिखा। इस दौड़ का मुख्य उद्देश्य दीपोत्सव में जनसहभागिता को बढ़ावा भी देना है।



इस अवसर पर आरती दीक्षित, मुख्य नियंता प्रो. आरएन राय, प्रो. एमपी सिंह सहित बड़ी संख्या में विशिष्टजन मौजूद रहे।

उत्कृष्ट दस महिला एवं पुरुष धावक को प्रशस्तिपत्र –रन फॉर आस्था सम्मान समारोह में चयनित प्रतिभागियों को अपर सचिव एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश अवस्थी, मंडलायुक्त डॉ. मनोज मिश्र, कुलपति प्रो. मनोज दीक्षित, जिलाधिकारी अनुज कुमार झा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष कुमार त्रिपाठी ने प्रथम सौ धावकों को ट्रैक सूट और सर्वप्रथम दस महिला एवं पुरुष धावकों को प्रशस्तिपत्र, स्मृति चिह्न एवं ट्रैक सूट देकर सम्मानित किया।

रामनगरी की विरासत को संजोने की कोशिश अयोध्याः दीपोत्सव के अहम किरदार कुलपति प्रो. मनोज दीक्षित ने कहा, योगी सरकार अयोध्या की विरासत को संजोने की कोशिश रही है, जो नगरी को पुनर्स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। इससे पर्यटन विकास के साथ विश्व पटल पर अयोध्या की गरिमा पुनरू स्थापित होगी। प्रो. दीक्षित ने दीपोत्सव को राजकीय मेले का दर्जा देने के लिए राज्य सरकार की सराहना की। इसे दूरदर्शी निर्णय करार दिया।

योग का प्रदर्शन रहा खास आकर्षण

रन फॉर आस्था आयोजन की शुरुआत अवध विश्वविद्यालय के योगा विभाग के संयोजन में योग प्रदर्शन से हुई। इस दौरान छात्र–छात्राओं ने योग की विविध संक्रियाओं का प्रदर्शन किया।

# फरक्का एक्सप्रेस में गंदे पानी से पक रहा था खाना

अयोध्या। रेल यात्री सावधान रहें। पेंट्रीकार से खाना मंगा रहे हैं तो उसकी गुणवत्ता व बनाने के संसाधन पर एकबार गौर जरूर कर लें। ऐसा न हो कि ट्रेन का खाना आपकी सेहत पर भारी पड़ जाए। फरक्का एक्सप्रेस के भोजनयान में पकड़ी गई अनियमितता यात्रियों के साथ–साथ रेलवे की आंख खोलने वाली है। ट्रेन के भोजनयान में यात्रियों के लिए पकाए जा रहे खाने में गंदे पानी का इस्तेमाल पकड़ा गया है। निरीक्षण के समय भोजनयान की सफाई व्यवस्था भी ठीक नहीं मिली। आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंची टीम ने भोजन की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़ा किया है। फरक्का एक्सप्रेस में पकड़ी गई अनियमितता से ट्रेनों की पेंट्रीकार व्यवस्था कठघरे में आ गई है। भिवानी से मालदा टाउन जाने वाली फरक्का एक्सप्रेस डाउन के पेंट्रीकार में शुक्रवार को फैजाबाद के वाणिज्य निरीक्षक अजय सिंह व मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक कौशल किशोर की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। चेकिंग में पेंट्रीकार गंदा मिला। कर्मचारियों की यूनीफार्म भी साफ नहीं थी। भोजन बनाने के लिए दो ड्रम पानी रखा हुआ था, जो पूरी तरह से स्वच्छ नहीं था। खाने की वस्तुएं खरीदने पर यात्रियों को बिल नहीं दिया जा रहा था। उच्च श्रेणी में यात्रा करने वालों ने ओवर चार्जिंग की शिकायत अधिकारियों से की। यात्रियों को बिल नहीं दिया जा रहा था। नो बिल..नो पेमेंट का कोई स्टीकर नहीं लगाया गया था। वाणिज्य निरीक्षक ने बताया कि कार्रवाई के लिए रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है।



नहीं मिला जनता खाना

महंगा खाना खरीदने में असमर्थ यात्रियों के लिए रेलवे सस्ता और अच्छा भोजन महज 15 रुपये में मुहैया कराता है। इसे जनता खाना कहा जाता है। पेंट्रीकार या फिर रेलवे स्टेशन पर जनता खाने का पैकेज रखना अनिवार्य है, लेकिन चेकिंग के दौरान पेंट्रीकार में जनता खाने का पैकेट नहीं मिला।

दस दिनों का विशेष अभियान

ट्रेनों के पेंट्रीकार में यात्रियों के साथ होने वाली ओवरचार्जिंग और उत्पीड़न की बढ़ती शिकायत को देखते हुए रेलवे दस दिनों का विशेष चेकिंग अभियान चला रही है। इसके मद्देनजर शुक्रवार को फरक्का एक्सप्रेस में पेंट्रीकार की चेकिंग की गई।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

पटरंगा। मवई चौराहा के निकट महराजताल गांव के पास साइकिल से जा रहे नीतू (28) निवासी सरायमीर जिला आजमगढ़ को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। नीतू गंभीर रूप से घायल हो गए। हाईवे चौकी प्रभारी दीपेंद्र विक्रम सिंह ने घायल युवक सीएचसी मवई भेजवाया। जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। मवई थानाध्यक्ष चंद्रभान यादव ने बताया तहरीर नहीं मिली है।

## लोगों को प्रदूषणमुक्त दीपावली मनाने के लिए जागरूक किया


गोण्डा। दीपावली की पूर्वसंध्या पर वायु प्रदूषण को रोकने व पशु–पक्षियों को तेज आवाज से बचाने के लिए नेचर क्लब के सदस्यों ने अदम गोंडवी मैदान में पटाखे न जलाने के लिए लोगों को जागरूक किया। नेचर क्लब 2011 से हर वर्ष लोगों को प्रदूषणमुक्त दीपावली मनाने के लिए जागरूक कर रहा है। जागरूकता कार्यक्रम में अभिषेक दूबे ने बताया कि वायु प्रदूषण सिगरेट पीने से भी ज्यादा हानिकारक है। हम अपने ही हवा में जहर घोलने पर तुले हैं हमें समझदारी अपनाकर हवा को गंदा करने से बचना चाहिए। अंकित सिंह ने बताया कि दीपावली दियों का त्योहार है पटाखों का नहीं। रुषी दूबे ने बताया कि पटाखों की आवाज से पशु–पक्षी डरे–सहमे रहते हैं और बहुतों की मौत भी हो जाती है अतः हमें पटाखे जलाने से बचना चाहिए।

## दीवाली उत्सव पर बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया

गोण्डा। किड्स स्मार्ट प्ले स्कूल में दीवाली उत्सव पर बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। स्कूल की प्रधानाचार्या रश्मि श्रीवास्तव ने बताया कि बच्चों ने मनमोहक रोल प्रस्तुत किया। जिसमें भगवान श्री रामचन्द्र का रोल शिवांश अवस्थी, सीता माता का रोल उन्नति मिश्रा, भरत जी का रोल स्वरांस कसौंधन और हनुमान जी का रोल शर्व मिश्रा ने निभाया। शेष बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किया। स्कूल के निदेशक वेद प्रकाश मिश्र ने कार्यक्रम को सफल बनाने और बच्चों का उत्साहवर्धन के लिए अंशुमान मिश्रा,सविता वर्मा, अफसाना बानो, संगीता शुक्ला, राजकुमारी, मेराज अहमद को धन्यवाद दिया।

## मार्ग दुर्घटना में हुई दवा व्यापारी की मौत, एक घायल

गोण्डा। शनिवार की सुबह निर्माणाधीन गोण्डा जरवल फोर लेन पर हुई मार्ग दुर्घटना में नगर के एक दवा व्यापारी की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं उनके साथ बाइक पर सवार एक अन्य युवक घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गोण्डा भेज दिया है। दवा व्यापारी दिनेश कुमार ऊर्फ ददन मिश्रा (56 वर्ष) अपने शिवम मिश्रा के साथ बाइक से ससुराल पंचमरी से करनैलगंज आ रहे थे। सुबह लगभग 8रू30 के आसपास वे जैसे ही जहंगिरवा रेलवे गुमटी से आगे निकले करनैलगंज की ओर से आ रही रोडवेज बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेजी से गलत दिशा में वाहन चलाते हुए मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर राहगीरों व ग्रामीणों ने सूचना भंभुवा पुलिस चौकी को दी साथ ही बस का नम्बर भी नोट कर लिया गया। बस चालक भागने में कामयाब रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गोण्डा भेज दिया है।













# शिक्षा और स्वास्थ्य पर होगा नया प्रयोग : राज्यपाल

अमेठी। जिले की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने नए प्रयोग करने की सलाह अधिकारियों और शिक्षकों को दी हैं। मंगलवार को जिला अस्पताल व विद्यालयों के निरीक्षण के उपरांत उन्होंने मुंशीगंज के एचएएल गेस्ट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी को निर्देशित किया।

राज्यपाल और सासद ने जिले के अधिकारियों शिक्षकों और स्वास्थ्य विभाग के लोगों के साथ बैठक कर पढ़ेंं अमेठी के नाम से एक नया प्रोग्राम शुरू करने का निर्देश दिया। टीवी मुक्त भारत के सपने को साकार करने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों को एक–एक बच्चे को गोद लेने का निर्देश दिया। शून्य से अठारह साल की उम्र के बच्चों को छह माह के भीतर स्वस्थ करने की जिम्मेदारी जिले के आठ स्वयंसेवी संगठनों को सौपी गई है। प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार को सभी स्कूलों में क्रिया कलाप आधारित गतिविधिया आयोजित करने का निर्देश दिया। प्रत्येक माह पेंटिंग रीडिंग, संगीत क्विज और स्पोर्ट्स कम्पिटीशन



आयोजित करने की भी योजना बनाने का निर्देश दिया। रूचि के मुताबिक बच्चो को 45 मिनट का पढ़न पाठन और अन्य क्रियाकलाप करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी को अभियान के लिये समय देने का निर्देश दिया। इससे पूर्व उन्होंने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया और जामों में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर बच्चों से जानकारी ली थी।

## बच्चों का डीएम-एसपी ने किया उत्साह वर्धन

अमेठी। गौरीगंज शहर के मनीषी बालिका इंटर कालेज में शुक्रवार को दीपावली पर्व के मद्देनजर दीप प्रज्जवलन व रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी प्रशांत शर्मा व पुलिस अध ीक्षक डा. ख्याति गर्ग ने पहुंचकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। एसपी ने खुद के द्वारा नारी सशक्तीकरण पर कविता सुनाई जिसमें उन्होंने बेटियों की शिक्षा व बेटों के बराबर मिलने वाले दर्जे का बखान किया। बच्चों ने भी डीएम और एसपी को अपने बीच पाकर उनसे कई तरह के सवाल किए, जिसका अधि ाकारियों ने जवाब दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित जगदंबा प्रसाद मनीषी ने की। इस मौके पर विद्यालय की प्रध ाानाचार्या अर्चना पांडेय सहित सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रही। वहीं गौरीगंज के माडल स्कूल पचेहरी में बच्चों व शिक्षकों ने आकर्षक रंगोली बनाई। बीईओ शिव बहादुर मौर्य विद्यालय पहुंच शिक्षकों व बच्चों का हौसला बढ़ाया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक रमाशंकर यादव, शिक्षिका सुप्रिया सिंह, बब्बी पाल, प्रतिभा सिंह, वंदना सिंह, रामशंकर, उच्च प्राथमिक विद्यालय की वसुंधरा यादव, विभा कनौजिया, सरिता, कमला, नसरीन मौजूद रही।

## उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कार्यशाला में सामाजिक, आर्थिक, ऐतिहासिक मुद्दों और संवाद-संचार पर हुआ प्रशिक्षण

### उत्तर प्रदेश में सांगठनिक ढांचा मजबूत करने और आगामी आंदोलनों पर बनी रणनीति

रायबरेली। रायबरेली में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पं0 जवाहर लाल नेहरू, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, मौलाना अबुल कलाम आजाद, सरदार बल्लभ भाई पटेल, सुभाष चन्द्र बोस, विनोबा भावे, छत्रपति शाहू जी, ज्योतिबा फुले, सन्त रैदास, कबीर समेत देश के तमाम महापुरूषों के विचारों पर गहन परिचर्चा हुई। साथ ही साथ प्रशिक्षण में तमाम राजनीतिक दर्शनों पर गम्भीर चर्चा परिचर्चा हुई। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियें ने देश की आर्थिक स्थिति पर गहन चर्चा की। भाजपा की जनविरोधी आर्थिक नीतियों–जीएसटी के गलत क्रियान्वयन, नोटबन्दी, कालाधन, आर्थिक मंदी के नुकसान को जनता के बीच बेहतर तरीके से ले जाने का प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण में बेरोजगारी, किसान समस्या, कानून व्यवस्था, महिला हिंसा, उत्पीड़न, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाढ़ जैसे ज्वलंत मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। जनता से संवाद, कुशल नेतृत्व, जनसंचार माध्यमों के उपयोग, सोशल मीडिया की ट्रेनिंग दी गई। कार्यशाला में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित फिल्म दिखाई गई। उत्तर प्रदेश में सांगठनिक ढांचा मजबूत करने और आगामी आंदोलनों पर रणनीति बनी। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्यशाला में संगठन को मजबूत करने और आगामी आंदोलनों पर रणनीति बनी। कार्यशाला में उपस्थित पदाधिकारियों की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की गई। साथ ही साथ उत्तर प्रदेश में विभिन्न मुद्दों पर आंदोलन करने की रूपरेखा तैयार की गई। रायबरेली के पूर्व सांसद अशोक सिंह के बेटे व बसपा के पूर्व प्रत्याशी मनीष सिंह ने कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांध ी जी के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## जीआरपी ने किया सराहनीय कार्य, महिला का खोया पर्स लौटाया

रायबरेली। जीआरपी रायबरेली ने बुधवार को यात्री का ट्रेन में खोया हुआ बैंग उसमें रखे हुआ एक मोबाइल, ज्वेलरी, कॉस्मेटिक सामान, एटीएम कार्ड तथा पैन कार्ड आदि सुरक्षित बरामद कर यात्री को सुपुर्द कर सराहनीय कार्य किया। जानकारी के मुताबिक थानाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार पाण्डेय थाना जीआरपी रायबरेली व उपनिरीक्षक मो0 मुकरीम तथा अनिल कुमार सिंह, कांस्टेबल सन्तोष कुमार यादव के साथ प्लेटफॉर्म पर चेकिंग के दौरान एक लावारिस लेडिज पर्स मिला। जीआरपी पुलिस ने पर्स को खोलकर देखा तो उसमें मोबाइल ज्वेलरी, कॉस्मेटिक सामान व एटीएम कार्ड तथा पैन कार्ड था। जीआरपी पुलिस ने जब मोबाइल फोन में डायल नम्बर पर फोन किया तो जिस महिला का पर्स था उससे सम्पर्क हुआ। महिला का नाम निशा यादव पत्नी सन्तोष कुमार यादव निवासी मटिहा थाना कोतवाली नगर जनपद रायबरेली है। महिला अपने पिता के साथ वाराणसी इन्टरसिटी एक्सप्रेस से जाने के लिए रेलवे स्टेशन रायबरेली पर ट्रेन पर चढ़ी कि ज्यादा सामान होने के कारण उसका पर्स वही छूट गया। जीआरपी पुलिस के फोन पर महिला वापस आई और अपना पर्स पाकर प्रसन्न हुई और जीआरपी पुलिस की ईमानदारी की प्रसन्नसा की। साथ ही उसने कहा कि मेरे पति आर्मी फोर्स मे कर्नल के पद पर है। मै समझती थी कि केवल आर्मी फोर्स के लोग ईमानदार होते है किन्तु ऐसा नहीं है। उत्तर प्रदेश पुलिस भी निहायत ईमानदार है। आपने मेरे निगेटिव सोंच को बदल दिया। जीआरपी पुलिस ने महिला को पर्स सुपुर्द कर दिया। जिसके बाद जीआरपी रायबरेली द्वारा किए गए इस कार्य के लिए यात्रियों व महिला द्वारा भूरि–भूरि प्रशंसा की गई।

## दो युवकों ने जहर का सेवन किया

रायबरेली। क्षेत्र के अलग–अलग गांव के दो युवकों को जहरीला पदार्थ खाने पर इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। युवकों के जहरीले पदार्थ सेवन की वजह का पता नहीं चल सका है। कोतवाली क्षेत्र के गांव छिपिया मजरे इटौरा बुजुर्ग निवासी मोहित (22) पुत्र सरजू की जहरीला पदार्थ खाने से हालत बिगड़ गई थी, जिसे परिजनों ने इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया था। वहीं गांव मुरारमऊ निवासी प्रदीप (25) पुत्र संतलाल को भी कीटनाशक के सेवन से बीमार होने पर बेहोशी की हालत में इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों युवकों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# भारत दौरे से पहले बांग्लादेश को झटका, शाकिब के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगा बीसीबी

ढाका। बांग्लादेश के घरेलू क्रिकेटरों को भले ही खिलाड़ियों के विरोध से फायदा मिल रहा हो लेकिन उनके राष्ट्रीय कप्तान साकिब अल हसन को एक दूरसंचार कंपनी से करार साकिब ने दूरसंचार कंपनी 'ग्रामिणफोन' के साथ एक करार पर हस्ताक्षर किए हैं जो केंद्रीय अनुबंध नियम का उल्लंघन है। 'क्रिकबज' की रिपोर्ट के अनुसार, ''बीसीबी अध्यक्ष नजमुल हसन ने कहा है। उन्होंने कहा कि रोबी (टेलीकॉम) हमारा टाइटल प्रायोजक था और ग्रामिणफोन ने बोली नहीं लगाई और इसके बजाय उसने कुछ क्रिकेटरों को पैसे देकर करार कर लिया। लेकिन



भारी पड़ सकता है क्योंकि केंद्रीय अनुबंध के उल्लंघन के कारण बोर्ड उन पर कानूनी कार्रवाई पर विचार कर रहा है। बांग्लादेश की टीम अगले कुछ दिनों में भारत श्रृंखला के लिए रवाना होगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) का यह कदम निश्चित रूप से टीम के मनोबल को प्रभावित कर सकता है।

क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार कि अगर वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाते हैं तो वे कड़ा कदम उठायेंगे। स्थानीय टेलीकाम कंपनी 'ग्रामीणफोन' ने 22 अक्टूबर को घोषणा की कि देश का शीर्ष आल राउंडर उनका ब्रांड दूत बना है।''

बीसीबी अध्यक्ष नज्मुल हसन ने शनिवार को बंगाली दैनिक 'कालेर कांठो' से कहा कि वह ऐसा करार नहीं कर सकते जो हमारे अनुबंध में स्पष्ट इससे बोर्ड को नुकसान हुआ। हसन ने कहा कि हम कानूनी कार्रवाई के बारे में विचार कर रहे हैं। इस संबंध में हम किसी को भी नहीं छोड़ सकते। हम मुआवजे की मांग करेंगे। हम कंपनी के साथ–साथ खिलाड़ी से भी मुआवजे की मांग करेंगे।

# वीवीएस लक्ष्मण की चाहत, एनसीए में नयी जान फूंके सौरव गांगुली


कोलकाता। पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण चाहते हैं कि उनके पूर्व साथी और बीसीसीआई के नव नियुक्त अध्यक्ष सौरव गांगुली राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) को पुनर्जीवित करें जिसके बारे में उन्होंने कहा, ''अगर आप मुझसे एक बात पूछते हैं तो वह यह होगी कि सौरव गांगुली कैसे एनसीए को पुनर्जीवित कर सकते हैं। भारतीय टीम का मजबूत पक्ष उसकी 'बेंच स्ट्रेंथ' है।'' इस संदर्भ में लक्ष्मण ने दक्षिण अफ्रीकी टीम का उदाहरण दिया



कहा कि वह युवा क्रिकेटरों को तैयार करने के लिये महत्वपूर्ण है। बंगाल क्रिकेट संघ ने शुक्रवार को यहां गांगुली को सम्मानित किया जिसमें लक्ष्मण और पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। पिछले कुछ समय से एनसीए 'रिहैबिलिटेशन' केंद्र के रूप में रह गया है और गांगुली ने भी अध्यक्ष पद संभालने के बाद यह बात मानी थी। लक्ष्मण ने जो कुछ शीर्ष खिलाड़ियों के संन्यास लेने के बाद जूझ रही है। उन्होंने कहा, ''आप दक्षिण अफ्रीकी टीम को देखो, मुझे वह उसकी सबसे कमजोर टीम लगी। ऐसा इसलिए है क्योंकि उनका घरेलू ढांचा मजबूत नहीं है। भारतीय टीम इसलिए अच्छा प्रदर्शन कर रही है क्योंकि हमारा घरेलू ढांचा अच्छा है। एनसीए से आप भविष्य के चौंपियन तैयार कर सकते हो।

# ऑस्ट्रेलियाई पीएम का टी20 विश्व कप के लिये भारतीय फैंस को न्योता, पीएम मोदी ने दिया ये जवाब

नयी दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने भारतीय क्रिकेट प्रेमियों से अगले साल टी20 विश्व कप के लिये उनके देश का दौरा करने का आग्रह किया जिस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि स्कॉट मॉरिसन व्यक्तिगत तौर पर न्यौता दे रहे हैं और इसलिए कई लोग उस देश की यात्रा पर जाएंगे। मॉरिसन ने ट्वीट किया कि कल रात के टी20 मैच को देखने के बाद वास्तव में



ऑस्ट्रेलिया की अगले साल टी20 विश्व कप की मेजबानी को लेकर उत्साहित हूं। ऑस्ट्रेलियाई पर्यटन विभाग के पास एक शानदार नया विज्ञापन है जो भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों को यहां का दौरा करने के लिये प्रोत्साहित करेगा। आप क्या सोचते हैं नरेंद्र मोदी। इसके जवाब में मोदी ने कहा कि जब उनके अच्छे मित्र ने व्यक्तिगत न्योता भेजा है तो उन्हें पूरा विश्वास है कि कई पर्यटक और क्रिकेट प्रेमी ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने की योजना बनाएंगे। मोदी ने ट्वीट किया कि और हमारे क्रिकेट प्रशंसक जीवंतता से भरपूर हैं। मैं ऑस्ट्रेलिया के लोगों को दीवाली की भी शुभकामनाएं देता हूं।

# सात्विक–चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में, साइना फ्रेंच ओपन से बाहर

पेरिस। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां 700,000 डालर इनामी फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनायी लेकिन साइना नेहवाल महिला एकल में क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पायी। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने विश्व में आठवें नंबर की डेनमार्क की जोड़ी किम एस्ट्रुप और सकारूप रासमुसेन को 21–13, 22–20 से हराया।

भारतीय जोड़ी का अगला मुकाबला जापान के हिरोयुकी इंडो और युता वतानबे की जोड़ी तथा चीन के लि जुन लुई और लियु यु चेन की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। इससे पहले साइना को महिला एकल में 49 मिनट तक चले मैच में विश्व में 16वें नंबर की कोरियाई खिलाड़ी एन सी यंग से 20–22, 21–23 से हार का सामना करना पड़ा। इस साल अप्रैल में बैडमिंटन एशिया चौंपियनशिप के बाद यह पहला अवसर था जबकि साइना अंतिम आठ में पहुंची थी। वह चीन, कोरिया और डेनमार्क में पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पायी थी।

साइना पहले गेम में शुरू में ही पिछड़ गयी और यंग ने 7–2 से बढ़त बना ली। इसके बाद भारतीय ने 7–8 से अंतर कम किया और कुछ समय के लिये 15–12 से बढ़त भी हासिल की। यंग ने स्कोर 18–15 कर दिया लेकिन साइना 20–19 के स्कोर पर गेम प्वाइंट पर पहुंच गयी। कोरियाई खिलाड़ी ने हालांकि लगातार तीन अंक बनाकर यह गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में भी यंग ने शुरू में बढ़त बनायी। का इस्तेमाल करके स्कोर 18–18 से बराबर किया। भारतीय ने लगातार तीन अंक बनाकर स्कोर 21–20 किया लेकिन



साइना ने वापसी की कोशिश भी लेकिन कोरियाई खिलाड़ी जल्द ही 16–11 से आगे हो गयी। साइना ने अपने अनुभव फिर से यंग ने तीन अंक हासिल करके मैच जीता। साइना अब 29 अक्टूबर से सारलोरलक्स ओपन में खेलेगी।

# बासेल एटीपी के सेमीफाइनल में फेडरर से भिड़ेंगे सिटसिपास

बासेल। स्टेफानोस सिटसिपास ने शुक्रवार को यहां एटीपी टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में फिलिप क्राजिनोविच पर मिली 3–6 6–4 6–4 की जीत से सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां वह रोजर फेडरर के सामने होंगे। फेडरर के खिलाफ यह सत्र में उनकी चौथी भिड़ंत होगी। दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी ने नौ बार के बासेल चौम्पियन फेडरर को आस्ट्रेलियन ओपन में मात दी थी। शीर्ष वरीय फेडरर स्विट्जरलैंड के हमवतन स्टैन वावरिंका के अंतिम आठ मुकाबले से हटने के बाद सेमीफाइनल में पहुंच गये थे। रेली ओपेलका ने रोबर्टो बतिस्ता अगुट को 6–3 3–6 6–3 से मात देकर अपने कैरियर के पांचवें सेमीफाइनल में प्रवेश किया जिसमें वह आस्ट्रेलिया के एलेक्स डि मिनौर के सामने होंगे जिन्होंने जर्मनी के जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6–4 7–6 से हराया।

# मुंबई की सड़कों पर बोल्ड लुक में दिखीं अमायरा दस्तूर, मुड़-मुड़ कर देखने लगे लोग



बॉलीवुड की खूबसूरत और हॉट एक्ट्रेस में से एक अमायरा दस्तूर इन दिनों अपनी फिल्मों को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। एक्ट्रेस की फिल्म श्मेड इन चाइनाश आज रिलीज हो गई है। एक्टिंग के साथ–साथ जजमेंटल है क्या एक्ट्रेस अपने फैशन की वजह से भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस को अंधेरी में स्पॉट किया गया। इस दौरान अमायरा ब्लैक स्पोर्ट्स ब्रा के साथ पिंक ट्राउजर में कूल एंड बोल्ड दिखीं। मिनिमल मेकअप, शेड्स और ओपन हेयर्स उनके लुक को चार–चांद लगा रहे हैं। इस दौरान अमायरा ने जिम बैग कैरी किया था। फुटविअर की बात करें तो अमायरा ने शूज पेयर किए थे। मुंबई की सड़कों पर हसीना ने स्टाइलिश अंदाज में पोज दिए। इन सभी तस्वीरों में वो एक से बढ़कर एक लग रही हैं। एक्ट्रेस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। फिल्म मेड इन चाइना की बात करें तो इस फिल्म में अमायरा के अलावा राजकुमार राव और मौनी रॉय मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में स्टार्स की एक्टिंग को लोग काफी पसंद कर रहे हैं हालांकि कहानी फैंस को कुछ ज्यादा पसंद नहीं आई। अमायरा के करियर की बात करें तो उन्होंने फिल्म इस्सक से एक्टिंग की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने इमरान हाशमी की फिल्म मि. एक्स में दिखी थीं। इसके अलावा वह राजमा चावल जजमेंटल है क्या जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

## हाउसफुल 4 की स्क्रीनिंग पर वरुण संग कृति की एंट्री, जैकलीन–डेजी समेत पहुंचे ये स्टार्स

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार की हाउसफुल 4 26 अक्टूबर को थियेटर्स में रिलीज होने को तैयार है। फिल्म की टीम ने विभिन्न प्लेटफार्म पर हाउसफुल 4 को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। फिल्म के ट्रेलर और गानों को लोगों ने काफी पसंद किया। फिल्म रिलीज से पहले स्टार कास्ट ने अपने फ्रेंड्स और करीबियों के लिए स्पेशल स्क्रीनिंग रखी। स्क्रीनिंग में कई स्टार्स ने शिरकत की। एक्ट्रेस कृति सेनन गॉर्जियस लुक में एक्टर वरुण शर्मा के साथ पहुंची। कीर्ति खरबंदा भी स्टनिंग लुक में स्क्रीनिंग में शामिल हुईं। जैकलीन फर्नांडिस फ्रेंडस संग दिखीं। स्क्रीनिंग पर शनाया का कैजुअल लुक देखने को मिला। इस दौरान रितेश थोड़ा फोन में बिजी दिखे। प्रोडेयूसर बोनी कपूर भी फिल्म देखने पहुंचे। चंकी पाडे पत्नी भावना पांडे संग दिखे इन सबके अलावा मनजोत सिंह, संगीता बिजलानीस अरशद वारसी समेत कई स्टार्स पहुंते। की बात करें तो हाउसफुल 4 में कॉमेडी ड्रामा दिखेने को मिलेगा। इसमें अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, बॉबी देओल, कीर्ति खरबंदा, कीर्ति सेनन, पूजा हेगड़े लीड कैरेक्टर्स में है। वहीं बोमन ईरानी, जॉनी लीवर, राणा दग्गुबती आदि भी फिल्म में अहम किरदार में नजर आएंगे।

## क्रॉप रफल्ड टॉप में स्टनिंग दिखीं दीपिका पादुकोण, फिल्म फेस्टिवल के आखिरी दिन बिखेरे हुस्न के जलवे

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण का रेड कार्पेट लुक हमेशा एक से बढ़कर एक होता है। वह हर बार अपने फैशन में कुछ ना कुछ बदलाव लाती रहती हैं। दीपिका हमेशा अपने सार्टोरियल फैशन के साथ फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। लेकिन इन सबसे आगे दीपिका की यूएसपी उनका फोटोजैनिक फेस और कैमराफ्रेंडली फितरत है। दीपिका के फैशन को लड़कियां करीब से फॉलो करती हैं। हाल ही में एक बार फिर दीपिका का ग्लैमरस अंदाज फैंस को देखना को मिला। दरअसल, बीते दिनों शुरु हुए 21st जीओ मामी फिल्म फेस्टिवल का कल लास्ट डे था।

इस फेस्टिवल के पहले दिन की तरह आखिरी दिन पर भी बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण रेड कार्पेट पर अपने हुस्न का जादू बिखेरा। श्मिसेज भवनानीश इस दौरान ब्लैक और व्हाइट के ऑल–टाइम क्लासिक व्हाइट क्रॉप रफल्ड टॉप के साथ ब्लैक पैंट में स्टनिंग दिखीं। उन्होंने अपने लुक को मिनिमल मेकअप, न्यूड लिपस्टिक, इयररिंग्स और बन से पूरा किया है। फुटविअर की बात करें तो उन्होंने ब्लैक हाई हील्स पेयर की थीं। रेड कार्पेट पर दीपिका ने स्टाइलिश अंदाज में पोज दिए। दीपिका की मिनियल डॉलर स्माइल लोगों का दिल जीत रही है। वर्कफ्रंट की बात करें तो दीपिका एसिड सर्वाइवर लक्ष्मी अग्रवाल की बायोपिक में नजर आएंगी। इस फिल्म का नाम छपाक हैं। इसमें उनके साथ विक्रांत मैसी हैं। यह फिल्म अगले साल रिलीज होगी। इसके अलावा दीपिका फिल्म 83 में नजर आएंगी, जिसकी शूटिंग उन्होंने हाल ही में खत्म की है। फिल्म में वह रणवीर सिंह के साथ नजर आएंगी। शादी के बाद यह कपल पहली बार एक–साथ स्क्रीन शेयर करेगा। फिल्म अगले साल 10 अप्रैल में रिलीज होगी।



स्वामी/प्रकाशक/मुद्रक/सम्पादक कपिल देव शुक्ला द्वारा विभव प्रिंटर्स गाटा सं0:25 लोलेपुर सुलतानपुर उ0प्र0. से मुद्रित तथा सलीमपुर ग्रेन्ट,पो0 व थाना कूरेभार, जिला-सुलतानपुर (उ0प्र0) से प्रकाशित सम्पादक : **कपिल देव शुक्ला**, मो0 9415739288, 9721748962 सह संपादक : **अंकित "राधे"**
E-mail: kdshukla.79@gmail.com, वेबसाईट : www.kdnewslive.in समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र सुल्तानपुर न्यायालय होगा।